# बम बम बोल रहा है काशी

हां शंकर आए है संग मा गौरी को लाए है,
बम बम बोल रहा है काशी भोले शंकर आए है....

शिव हिमगिरी के द्वारे आए गौरी का गौना करवाए,
दोनों काशी नगरी आए गंगा लाए शीश पे धर के,
बम बम बोल रहा है काशी भोले शंकर आये है.....

काशी नगरी मुझको भाए गौर को भोले समझाए,
दूजा घर ये अपना बताएं हृदय रमाए शिव काशी में,
बम बम बोल रहा है काशी भोले शंकर आये है.....

शिव जी ये आदेश सुनाए भक्त कोई जो काशी आए,
ज्योतिर्लिंग का दर्शन पाए मुक्ति पाए वो पापो से,
बम बम बोल रहा है काशी भोले शंकर आये है.....

ज्योतिर्लिंग स्वरूप बनाया गौरा को संग में बिठलाया,
काशी बस गए शिव महामाया तिलक लगाए हम चंदन का,
बम बम बोल रहा है काशी भोले शंकर आये है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26098/title/bam-bam-bol-raha-hai-kaashi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |